न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी सांचौर

पीठासीन अधिकारी :– प्रमोद कुमार (आर.ए.एस)

मुकदमा संख्या :– 73 / 2025

जी.सी.एम.एस. नंबर :– 2025 / 254

प्रार्थी	अप्रार्थीगण
भलाराम पुत्र वेनाराम, जाति–भील, निवासी–कमालपुरा, तहसील–सांचौर, जिला–जालोर	अखा दत्तक पुत्र तेजा वगैरह

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

तारीख रजु :– 30.10.2025

उपस्थिति :–

1. प्रार्थी की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री भगवती प्रसाद बालोत उपस्थित।
2. अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 31 बावजूद तामील (सूचना) के अनुपस्थित रहने से एकपक्षीय कार्यवाही।

:– निर्णय :–

दिनांक :– 07.01.2026

संक्षिप्त में प्रार्थना–पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि मुझ प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण संख्या 01 लगायत 29 की संयुक्त खातेदारी के खेत वांके सरहद मौजा कमालपुरा, तहसील सांचौर में खाता संख्या 193 के खसरा संख्या 381 रकबा 1.69 हैक्टेयर जिसमें प्रार्थी का 46 / 507वां हिस्सा यानि रकबा 0.15333 हैक्टेयर व इसी प्रकार खाता संख्या 262 के खसरा संख्या 384 रकबा 0.50 हैक्टेयर व खसरा संख्या 387 रकबा 1.28 हैक्टेयर जुमले रकबा 1.78 हैक्टेयर जिसमें मुझ प्रार्थी का 1 / 12वां हिस्सा यानि रकबा 0.14833 हैक्टेयर व इसी प्रकार खाता संख्या 261 के खसरा संख्या 389 रकबा 2.18 हैक्टेयर जिसमें मुझ प्रार्थी का 1 / 12वां हिस्सा यांनि रकबा 0.18166 हैक्टेयर व इसी प्रकार खाता संख्या 194 के खसरा संख्या 380 रकबा 0.04 हैक्टेयर, खसरा संख्या 385 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा संख्या 386 रकबा 1.24 हैक्टेयर, खसरा संख्या 388 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 390 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 391 रकबा 1.41 हैक्टेयर, खसरा संख्या 392 रकबा 0.15 हैक्टेयर, खसरा संख्या 393 रकबा 2.32 हैक्टेयर, खसरा संख्या 394 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 395 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 396 रकबा [illegible] हैक्टेयर जुमले रकबा [illegible] हैक्टेयर जिसमें मुझ प्रार्थी का 1 / 12वां हिस्सा यानि रकबा 0.535833 हैक्टेयर के [illegible] हुए है। इस प्रकार मुझ प्रार्थी के हक में कुल रकबा 1.01915 हैक्टेयर भूमि आयी [illegible] तथा मालिक राजस्व रेकर्ड में दर्ज हिस्सा अनुसार मुझ प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण संख्या 01 लगायत 29 की संयुक्त खातेदारी की होने से उक्त आराजी को प्रार्थना–पत्र में आगे वादग्रस्त आराजी के नाम से संबोधित किया जायेगा। अतः प्रार्थना–पत्र पेश कर निवेदन है कि न्यायहित में प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार फरमाया जाकर अप्रार्थीगण के विरूद्व इस आशय की अस्थाई निषेधाज्ञा जारी फरमावें कि प्रार्थना–पत्र के पैरा संख्या 1 में वर्णित आराजी की मूलवाद के अंतिम

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2026.01.22 11:46:54 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर, सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी सांचौर)

निस्तारण तक मौके एवं राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति बनाये रखे तथा मुझ प्रार्थी के कब्जे काश्त में न तो स्वंय दखलंदाजी करें तथा न ही किसी अन्य से करावें तथा उपरोक्त आशय से अप्रार्थीगण को पाबन्द फरमावें।

मैंने प्रार्थी अधिवक्ता की एकपक्षीय बहस पर मनन किया, पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात् का भली भांति अध्ययन व अवलोकन किया गया अतः प्रथम दृष्ट्या प्रकरण, सुविधा का संतुलन व अपूरणीय क्षति प्रार्थी के पक्ष में प्रतीत होने से प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है।

:– आदेश :–

अतः अप्रार्थीगण के विरूद्व मूल वाद के निस्तारण तक इस आशय की अस्थायी निषेधाज्ञा जारी की जाती है कि सरहद मौजा कमालपुरा, पटवार हल्का–पालड़ी सोलंकियान के 381 रकबा 1.69 हैक्टेयर, खसरा संख्या 384 रकबा 0.50 हैक्टेयर व खसरा संख्या 387 रकबा 1.28 हैक्टेयर जुमले रकबा 1.78 हैक्टेयर, खसरा संख्या 389 रकबा 2.18 हैक्टेयर, खसरा संख्या 380 रकबा 0.04 हैक्टेयर, खसरा संख्या 382 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा संख्या 383 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 385 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा संख्या 386 रकबा 1.24 हैक्टेयर, खसरा संख्या 388 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 390 रकबा 0. 01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 391 रकबा 1.41 हैक्टेयर, खसरा संख्या 392 रकबा 0.15 हैक्टेयर, खसरा संख्या 393 रकबा 2.32 हैक्टेयर, खसरा संख्या 394 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 395 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा संख्या 396 रकबा 1.18 हैक्टेयर जुमले रकबा 6.43 हैक्टेयर भूमि पर अप्रार्थीगण राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति बनाये रखें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से एक कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

(प्रमोद कुमार, **आर.ए.एस**)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी सांचौर

सहायक कलेक्टर, सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी) सांचौर

निर्णय आज दिनांक **07.01.2026** को सर–ए–इजलास सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, सांचौर
सत्यमेव जयते
जिला जालोर

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी) सांचौर

Signature Not Verified

Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2026.01.22 11:46:54 IST
Reason: SelfAttested